नहीं छोड़ देना मेरा साथ बाबा

नहीं छोड़ देना मेरा साथ बाबा,
जीवन की राहों में तुम चलते चलते,
बड़ा ही कठिन है सफर जिंदगी का,
कहीं रुक ना जाना तुम चलते चलते,
नही छोड़ देना मेरा साथ बाबा,

तुम हौसला हो मेरी जिंदगी का,
मुझे है भरोसा तेरी बंदगी का,
तू आसरा है मेरी हर खुशी का,
सहारा है तू तो मेरी बेबसी का,
इस दास की ये अरदास भी है,
कहीं खो ना जाना तुम मिलते मिलते,
नही छोड़ देना मेरा साथ बाबा...

मेरे मन के मंदिर के भगवान तुम हो,
कन्हैया हमारी पहचान तुम हो,
मैं हूं तुम्हारा माटी का पुतला,
तुम्हें क्या बताऊं मेरे प्राण तुम हो,
कृपा यह भी करना सूरज खुशी का,
नहीं डूब जाए निकलते निकलते,
नही छोड़ देना मेरा साथ बाबा...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19454/title/nhi-chod-den-mera-sath-baba

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |